दिन–रविवार दिनांक– 08/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस आज दोपहर करीब सवा ग्यारह बजे दो हिस्सों में बंट गई। यह घटना ट्रेन की तेरह और चौदह नंबर बोगी के बीच की कपलिंग टूट जाने से हुई, जिससे नौ बोगियां इंजन से अलग हो गईं। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि घटना टुड़ीगंज और रघुनाथपुर स्टेशनों के बीच बक्सर–दानापुर रेल खंड की डाउन लाइन पर हुई। सीपीआरओ ने कहा कि घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। राहत और बचाव दल घटना स्थल पर पहुंच गया है। इस बीचघटना के लगभग तीन घंटे बाद रेल परिचालन बहाल कर दिया गया है। हादसे के बाद डाउन लाइन से पहली ट्रेन सूरत–भागलपुर एक्सप्रेस को पटना के लिए रवाना किया गया।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि जमीन के सभी दस्तावेज डिजिटल रूप से मौजूद हैं और लोग इसे आवेदन देकर ऑनलाईन प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेशभर में भूमि सर्वेक्षण को लेकर हो रही परेशानियों पर मंत्री ने कहा कि सरकार ने खतियान, जमाबंदी पंजी, लगान रसीद जैसे जमीन से जुड़े अन्य दस्तावेज डिजिटली उपलब्ध कराया है। श्री जायसवाल ने कहा कि जमीन से जुड़े किसी कागजात को लेकर स्वघोषणा के साथ निदेशालय की वेबसाईट पर इसे आपलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोग खुद अपनी वंशावली बनाकर स्वघोषणा के साथ जमा कर सकते हैं। यह पूरी तरह मान्य होगा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने बारह जिलाधिकारी समेत तैंतालीस आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार तनय सुल्तानिया को भोजपुर, रौशन कुशवाहा को समस्तीपुर, तुषार सिंगला को बेगूसराय, कुमार गौरव को अरवल, मिथिलेश मिश्र को लखीसराय और उदिता सिंह को रोहतास का जिलाधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही विशाल राज को किशनगंज,

अभिलाषा शर्मा को जमुई, आरीफ अहसन को शेखपुरा, तरण जोत सिंह को मधेपुरा, विवेक रंजन मैत्रेय को शिवहर और अनील कुमार को अररिया का डीएम बनाया गया है। इसके अलावा सरकार ने अधिकारियों का संयुक्त सचिव, विशेष सचिव, अपर सचिव, निदेशक और डीडीसी समेत कई पदों पर स्थानांतरण किया है।

———————————————————

आर्थिक अपराध इकाई के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने कहा है कि राज्य के सभी चौवालीस साईबर थाने एक दूसरे से जुड़ेंगे। इसके लिए एक पोर्टल बनाया जा रहा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में करते हुये श्री ढिल्लों ने कहा कि यह एक अत्याधुनिक नेटवर्किंग सिस्टम होगा, जिसके माध्यम से सभी साईबर थाने ईओयू के साईबर कोर सेन्टर से जुड़ जायेंगे। डीआईजी ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से मोबाईल नम्बर और आईपी एड्रेस के लोकेशन को पकड़ना आसान हो जायेगा। साथ ही थाना आपस में साईबर अपराधियों के बारे में सूचनाओं का तुरंत आदान–प्रदान कर सकेंगे।

———————————————————

भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन आशा छात्रवृति कार्यक्रम के तहत दस हजार मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देगा। यह छात्रवृति छठी कक्षा से स्नातकोत्तर तक के वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाएगी। छात्रवृत्ति के तौर पर पन्द्रह हजार से दो लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह छात्रवृति अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को आईआईटी, आईआईएम और विदेश में पढाई के लिए दी जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी इस वर्ष एक अक्टूबर तक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से बासठ नये मामले सामने आये हैं। इसमें सबसे अधिक छत्तीस मरीज पटना से हैं। इसके अलावा गया से सात और औरंगाबाद से पांच मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार अड़सठ मामले सामने आ चुके हैं।

———————————————————

समाप्त